दैनिक जागरण 16/10/2025

# सशस्त्र बलों में करियर के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अंबाला • विज्ञप्ति** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी के करियर गाइडेंस सेल द्वारा, मैनेजमेंट विभाग (एसएफ) और कैरियर रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) के सहयोग से भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसर विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।



जीएमएन कालेज में विद्यार्थियों को सेना में करियर की जानकारी देना अधिकारी • विज्ञप्ति

कार्यक्रम में भारतीय सेना के कर्नल विक्रम मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सशस्त्र बलों में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) और कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज (सीडीएस) परीक्षाओं की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा तैयारी की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही उन्होंने अनुशासन, निष्ठा और देशभक्ति को रक्षा सेवाओं में सफलता की मूल कुंजी बताया। डा. भारती सुजन; डा. दिशा अरोड़ा और प्रो. कमलप्रीत कौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु ऐसे प्रेरणादायक और मार्गदर्शक सत्र भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

इसी तरह कालेज में पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक प्रतिस्पर्धी टेस्ट आयोजित किया गया। इस टेस्ट का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करना था। इस टेस्ट में 293 छात्रों ने भाग लिया। कालेज के रोड सेफ्टी क्लब के कनवीनर डा. कुलदीप यादव ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।